भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1633
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 (27 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

तंजावुर वायु सेना स्टेशन का दोहरा उपयोग

1633 श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास तंजावुर वायु सेना स्टेशन को दोहरे उपयोग वाले नागरिक/सैन्य विमानपत्तन में बदलने की कोई योजना है और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि दक्षिण भारतीय कुंभ मेला महामहम 2028 में निर्धारित है, उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार की तंजावुर जिले में एक नया विमानपत्तन खोलने की कोई योजना है और उसका ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) तंजावुर जिले और मंदिर शहर कुंभकोणम के लिए हवाई संपर्क में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क): क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने तथा जनसाधारण के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती बनाने हेतु नागर विमानन मंत्रालय ने अक्तूबर, 2016 में क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) शुरू की थी। मौजूदा तंजावुर हवाईअड्डा, भारतीय वायु सेना (आईएएफ़) के स्वामित्व में है। इस हवाईअड्डे को आरसीएस योजना के तहत बोली प्रक्रिया के दूसरे दौर में हवाईअड्डे पर सिविल एन्क्लेव के स्तरोन्नयन/विकास के लिए और तत्पश्चात वहाँ से आरसीएस उड़ानों के प्रचालन हेतु चिह्नित किया गया है।

(ख) और (ग): भारत सरकार ने ग्रीनफ़ील्ड विमानपत्तन (जीएफ़ए) नीति, 2008 तैयार की है, जिसमें देश भर में ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डों के निर्माण से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश, प्रक्रियाएँ तथा इसके विभिन्न चरणों का विवरण दिया गया है। जीएफ़ए नीति के अंतर्गत, परियोजना प्रस्तावक - ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डा स्थापित करने का इच्छुक कोई हवाईअड्डा विकासकर्ता अथवा संबंधित राज्य सरकार के लिए आवश्यक है कि वह 2-चरण अनुमोदन प्रक्रिया, अर्थात 'साइट क्लियरेंस' तथा उसके पश्चात 'सैद्धांतिक' अनुमोदन के लिए, नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) को, www.civilaviation.gov.in पर उपलब्ध नियत प्रारूप में प्रस्ताव भेजे। एमओसीए द्वारा ऐसे प्रस्तावों पर जीएफ़ए नीति में नियत प्रक्रिया के अनुसार विचार किया जाता है। जीएफ़ए नीति के अनुसार, तंजावुर, तमिलनाडु में ग्रीनफ़ील्ड हवाईअड्डे के विकास हेतु कोई प्रस्ताव एमओसीए को प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): उड़ान 4.2 दौर की बोली प्रक्रिया के तहत, 9 सीटों वाले विमानों के माध्यम से उड़ानों के प्रचालन हेतु तंजावुर को बैंगलुरु तथा चेन्नई से जोड़ने वाले आरसीएस मार्गों को एयर टैक्सी को अवार्ड किया गया है।

****